



# कच्छ लोकसभ

## क्षरा

## कच्छ के सरहदीय गांव की शला के विद्यार्थीओ के साथ

## रंगोत्सव का आयोजन



विनोद एल. चावड़ा
सांसद, कच्छ - लोकसभा
महामंत्री, गुजरात प्रदेश भाजपा



# प्रस्तावना

होली रंगों का तथा हँसी-खुशी का त्योहार है। यह भारत का एक प्रमुख और प्रसिद्ध त्योहार है, जो आज विश्वभर में मनाया जाने लगा है।रंगों का त्यौहार कहा जाने वाला यह पर्व पारंपरिक रूप से दो दिन मनाया जाता है। यह प्रमुखता से भारत तथा नेपाल में मनाया जाता है। यह त्यौहार कई अन्य देशों जिनमें अल्पसंख्यक हिन्दू लोग रहते हैं वहाँ भी धूम-धाम के साथ मनाया जाता है।

पहले दिन को होलिका जलायी जाती है, जिसे होलिका दहन भी कहते हैं। दूसरे दिन, जिसे प्रमुखतः धुलेंटी व धुरड्डी, धुरखेल या धूलिवंदन इसके अन्य नाम हैं, लोग एक दूसरे पर रंग, अबीर-गुलाल इत्यादि फेंकते हैं, ढोल बजा कर होली के गीत गाये जाते हैं और घर-घर जा कर लोगों को रंग लगाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि होली के दिन लोग पुरानी कटुता को भूल कर गले मिलते हैं और फिर से दोस्त बन जाते हैं। एक दूसरे को रंगने और गाने-बजाने का दौर दोपहर तक चलता है। इसके बाद स्नान कर के विश्राम करने के बाद नए कपड़े पहन कर शाम को लोग एक दूसरे के घर मिलने जाते हैं, गले मिलते हैं और मिठाइयाँ खिलाते हैं।

कच्छ के सीमावर्ती क्षेत्र के स्कूली छात्रों के साथ 'रंगोत्सव' उत्सव मनाने हेतु इस साल दिनांक : 13/03/2025 को लखपत तहसील के गुनेरी गांव में श्री गुनेरी प्राथमिक विद्यालय में रंग, उमंग, उल्लास से भरपूर होली के पावन पर्व पर छात्रों को रंग-गुलाल लगाकर रंगोत्सव का यह त्यौहार मनाया गया तथा सभी को इस विशेष दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।







શ્રી વિનોદભાઈ ચાવડા જી

































શ્રી ગુનેરી પ્રાથમિક શાળા







